>

Title: Regarding connecting of Vadodra, Dhabhai and Chuchapur and Tankhal through railway line.

श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर): अध्यक्ष जी, मैं आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । मैं पहली बार लोक सभा चुनाव में चुनकर आई हूं । मैं अपने संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर से संबंधित कुछ समस्याओं को आपके माध्यम से सदन के समक्ष रखना चाहती हूं । वड़ोदरा, डभाई, छुछापुरा और तनखला रेलवे की छोटी लाइन पहले चालू थी, लेकिन कुछ सालों से बंद है । यहां बड़ी लाइन डाली जाए । यहां जमीन का प्रश्न नहीं है । मैं यह भी बताना चाहती हूं कि यहां से 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' की दूरी मात्र 10 से 12 किलोमीटर है । इसे भी रेलवे लाइन से जोड़ा जाए, तो पर्यटकों को बहुत खुशी मिलेगी ।

महोदय, मेरा दूसरा प्रश्न है कि हमारे क्षेत्र में बहुत बड़े पर्यटन स्थल पावागढ़ को माननीय मोदी जी ने पर्यटन स्थल का दर्जा दिया है । मैं मोदी जी का आभार मानती हूं । वहां वड़ोदरा, हालौल, पावागढ़, शिवराजपुर और पावीजैतपुर को रेलवे से जोड़ा जाए, तो पर्यटकों को सुविधा मिलेगी । वहां पुरानी लाइन तो है, लेकिन नवीनीकरण करने का काम बाकी है । अत: मेरा आपके माध्यम से मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से जुड़े कार्यों को शीघ्र से शीघ्र कराने का निवेदन है, ताकि क्षेत्र की जनता को लाभ मिले ।

मैं अपने राष्ट्रीय नेतृत्व एवं राज्य नेतृत्व, जिन्होंने मुझे सेवा करने के लिए बड़ा प्लेटफार्म दिया, के प्रति आभारी हूं । मैं अपने मतदाताओं के प्रति भी आभार प्रकट करती हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास करके मुझे जिताया और मुझे सेवा करने का मौका दिया ।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती गीताबेन वी. राठवा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।